# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# देहरादून श्रमिक स्पेशल ट्रेन 432 प्रवासियों को लेकर हुई बिहार रवाना

**श्रमिक स्पेशल ट्रेन**

## हरिद्वार से स्पेशल ट्रेन में जुड़े छह कोच, 246 प्रवासी कोटद्वार के भी शामिल

■करीब 80 प्रवासियों को ट्रेन में जगह नहीं मिली



**संवाददाता**

हरिद्वार। देहरादून श्रमिक स्पेशल ट्रेन हरिद्वार रेलवे स्टेशन से 432 प्रवासियों को लेकर शुक्रवार की दोपहर को बिहार लेकर रवाना हुई। देहरादून से बिहार चलने वाली देहरादून श्रमिक स्पेशल ट्रेन में हरिद्वार से 06 कोच लगाये गये। जिनमें हरिद्वार से 186 और कोटद्वार के 246 प्रवासियों को शामिल किया गया। जबकि करीब 80 प्रवासियों को ट्रेन में जगह नहीं मिली, जिनको डीएम के आदेश पर कुंभ मेला प्लेटफार्म के हॉल में ठहराया गया है। जिनको शनिवार को जाने वाली बिहार ट्रेन से रवाना किया जाएगा।

बताते चले कि उत्तराखण्ड में रहने वाले प्रवासियों को भी उनके राज्यों की ओर श्रमिक स्पेशल ट्रेन के जरिये रवाना किया जा रहा है। जिसके तहत देहरादून से बिहार जाने वाली देहरादून श्रमिक स्पेशल ट्रेन उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों से बिहार के प्रवासियों को लेकर हरिद्वार रेलवे स्टेशन पहुंची। जहां पर बिहार जाने वाली देहरादून श्रमिक स्पेशल ट्रेन में 06 कोच लगाये गये। जिनमें हरिद्वार के 186 और कोटद्वार के 2466 प्रवासियों को रेलवे स्टेशन पर थर्मल स्क्रीनिंग करते हुए सवार किये गये। लेकिन बिहार जाने वाले प्रवासियों के संख्या अधिक होने के कारण करीब 80 प्रवासियों को ट्रेन में जगह नहीं मिल सकी।

बिहार जाने वाले बचे प्रवासियों को डीएम सी रविशंकर के आदेश पर कुंभ प्लेटफार्म पर बने हॉल में ठहराया गया है। जिनके दिन रात के खाने व नश्ते की व्यवस्था की गयी है। डीएम ने बचे प्रवासियों को भरोसा दिलाया हैं कि शनिवार को देहरादून से चलने वाली स्पेशल ट्रेन से उनको बिहार रवाना कर दिया जाएगा। हरिद्वार रेलवे स्टेशन से बिहार जाने वाली देहरादून श्रमिक स्पेशल ट्रेन दोपहर 2.50 बजे रवाना हुई। देहरादून श्रमिक स्पेशल ट्रेन के हरिद्वार रेलवे स्टेशन से रवाना होने के वक्त प्रशासनिक अधिकारियों में डीएम सी रविशंकर, एसएसपी सथिंल अबुदेंई कृष्णराज एस, सीडीओ विनीत तोमर, एडीएम केके मिश्रा, एसपी सिटी कमलेश उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट जगदीश लाल, जीआरपी एएसपी मनोज कत्याल, एसडीएम कुसुम चौहान, सीओ सिटी अभय प्रताप, एआरटीओ मनीष कुमार, रेडक्रॉस अधिकारी डॉ. नरेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### हाइटेंशन से निकल रही चिंगारियां

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले से सटे टकाडी गांव के बीचों–बीच से गुजर रही हाइटेंशन लाइन से निकल रही चिगारियों से इलाके के ग्रमीण दहशत में है। इलाके के ग्रमीणों ने जिलाधिकारी से इस हाइटेंशन लाइन को गांव से दूर शिफ्ट कराये जाने की मांग की है। बता दें कि इलाके में तेज हवा चलने से लाइनों से चिंगारी निकल रही हैं। चिंगारिया जमीन पर गिरने से बड़े हादसे का खतरा बन रहा है। इस दौरान तमाम ग्रमीण मौजूद रहे।

### क्वारंटीन सेंटर में हुई दो गुटो में मारपीट

**संवाददाता** पिथौरागढ़। बीते दो रोज पूर्व सीमांत तहसील मुंसयारी के क्वारंटाइन सेंटर में दो गुटों में अव्यस्थाओं को लेकर जमकर हाथा पाई व गाली गलौच का मामला सामने आया है। बता दें कि आपस में भिड़े इन गुटों एक व्यक्ति चोटिल हो गया जिसको ज्यादा चोट लगने की वजह से जिला मुख्यालय के अस्पताल में रेफर कर दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। मुंसयारी थाना क्षेत्र में दोनों गुटों की ओर से अलग अलग तहरीर दर्ज कराई गई है।

### क्वॉरेंटाइन सेंटर्स में लोगों की हो रही दुर्दशा पर हुई सिर्फ रस्म अदायगी

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश भर में कोरोना महामारी लगातार विकराल रूप धारण कर रही है वहीं दूसरी ओर क्वॉरेंटाइन सेंटर्स की अव्यवस्थाएं किसी से छुपी नहीं हैं। दो दिन पहले ही न्यायालय इस मामले में सरकार को फटकार लगा चुका है। यहां जारी एक बयान में नेगी ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि इस महामारी में राजभवन की भूमिका बिल्कुल नगण्य रही, जिस कारण सरकार निरंकुश होकर जनता के हितों से खिलवाड़ करती रही है।

### दाईवा ने रेड जोन्स में टीवी की सेल्स एवं सर्विस सेवायें फिर से बहाल कीं

**संवाददाता** देहरादून। दाईवा टीवी ने कंटेनमेंट जोन्स को छोड़कर रेड जोन्स सहित अपने सभी रिटेल स्टोर्स पर टीवी की अपनी रेंज की बिक्री फिर से शुरू कर दी है। लॉकडाउन में ढील दिये जाने के बाद सरकार के निर्देशों के अनुरूप ये सेवायें बहाल की गई हैं। दाईवा द्वारा इसके सभी प्रमुख रिटेल स्टोर्स में 32 से 65 इंच में विभिन्न रेंज की टीवी, एचडी, एफएचडी और 4के स्मार्ट टीवी और 24–40 इंच के एचडी रेडी एलईडी टीवी की बिक्री की जाती है। कंपनी इस सप्ताह 43 इंच के अपने नये फुल एचडी टीवी को भी लॉन्च करेगी।

# बाघ ने मचाया आतंक एक युवक को किया घायल

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला विकासखण्ड के रामा व बेष्टी गांव के दो युवकों पर शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे एक बाघ ने हमला कर जख्मी कर दिया,जिनको ग्रामीणों की मदद से चिकित्सालय पंहुचाकर उपचार किया जा रहा है।

मामला पुरोला मुख्यालय से महज 12 किमी लगभग दूरी पर स्थित रामा गांव का है जंहा 28 वर्षीय लोकेश बिष्ट पुत्र मोहन सिंह बिष्ट गांव से कुछ ही दूरी पर बेष्टी गांव की तरफ खेत मे हल लगाने गया था। हल लगाकर घर की ओर आते हुए रास्ते मे घात लगाए हुए बाघ ने अचानक हमला बोल दिया। युवक ने बाघ से अपनी जान बचाने को अपने हाथों में कसकर पकड़ लिया और जोर–जोर से चिल्लाने लगा। शोर सुन गाय चराने गया पड़ोसी गांव बेष्टी के

**बचाने गए दूसरे युवक पर भी बाघ ने किया हमला**

अरविन्द पुत्र शूरवीर लाल मौके पर पँहुच शोर मचाने लगा। लोकेश को घायल छोड़ बाघ उसी पर झपट पड़ा जिससे वह भी घायल हो गया। हल्ला सुन ग्रामीण एकत्रित हुए लेकिन तब तक बाघ खतरा भांप जंगल की ओर भाग गया। चिकित्सक सूची पूनम ने कहा कि दोनों युवकों के शरीर में कई जगहों पर नाखून से गहरे घाव है। उपचार कर युवकों को घर भेज दिया गया है। वहीं फारेस्ट के उप प्रभागीय वनाधिकारी एनएन श्रीवास्तव ने बताया कि गुलदार ने रामा व बेष्टी गांव के दो युवकों पर हमला किया है। गुलदार को पकड़ने के लिए उच्च अधिकारियों से पिंजरा लगवाने की अनुमति ली जा रही है।



बाघ के हमले से घायल युवक का उपचार करते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

# कोरोना संक्रमण के चलते नही होगा भारत–चीन व्यापार

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

■व्यापारियों ने किया तकलाकोट जाने से इनकार

पिथौरागढ़। क्षेत्रीय प्रशासन के साथ हुई व्यापारियों की बैठक में कोरोना के चलते भारतीय व्यापारियों ने चीनी मंडी तकलाकोट जाने से इनकार कर दिया है। जानकारी के मुताबिक भारत–चीन व्यापार जून माह से प्रारम्भ हो जाता है। इसके लिए तैयारियां मार्च से शुरू हो जाया करती है। मई माह शुरू होते ही व्यापारी अपना सामान गुंजी में पहुचाने लग जाते है। इस बार पवित्र धार्मिक कैलास मानसरोवर यात्रा व भारत–चीन के बीच होने वाला अनुमानित 20 करोड़ का व्यापार कोरोना संक्रमण के चलते इस बार नही हो सकेगा। इस बार 28 साल बाद पवित्र धार्मिक कैलास मानसरोवर यात्रा में आने वाले भक्तों को व्यास घाटी में भोले बाबा की जय जयकार की गूंज तक नही सुनाई देगी।

वही देर सांय क्षेत्रीय प्रशासन के साथ हुई व्यापारियों की बैठक में चीन में कोरोना के बड़ते प्रकोप के मद्देनजर भारत चीन व्यापार सीमांत समिति ने चीनी मंडी तकलाकोट जाने से इनकार कर दिया है। इस बार ऐसे हालातों में भारत चीन व्यापार नही होने के पूरे आसार बन रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक भारत चीन व्यापार 1992 से चला आ रहा है। 1962 की लडाई के दौरान यह व्यापार बंद हो गया था। साल 1992 में दोनों देशों की सरकारों के बीच काफी मंत्रणा के बाद यह लिपुलेख दर्रे से इस व्यापार को कराये जाने की अनुमति दी गई। चीन के तिब्बत में तकलाकोट और भारत में गुंजी में मंडी बनाई गई है। ये व्यापार हर साल एक जून से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक चलता है। बता दें कि तिब्बत में बिकने वाले वस्तुओं में भारतीय सूती कपड़े,चाय–काफी,गुड पोस्टर कास्मेटिक आदि की मांग सबसे ज्यादा रहती है।

वही उपजिलाअधिकारी एके शुक्ला ने यह सूचना जनपद के जिलाधिकारी को प्रेषित कर दी है कि व्यापारियों ने खुद इस बार कोरोना महामारी के चलते तकलाकोट जाने से खुद ही मना कर दिया है।

# अतिवृष्टि से हुई क्षति की उचित मुआवजे की मांग

**संवाददाता** पुरोला। गत माह क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से क्षेत्र के किसानों की मटर, गैंहू, टमाटर,सेब,खुबानी,आडू आदि फसल को नुकसान पहुंचा था जिसे ले कर किसान संगठन की पुरोला इकाई ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में कहा गया कि विगत माह की अतिवृष्टि से किसानों की अधिकांश फसल बर्बाद हो गयी थी जिस पर की किसानों के सामने बैंक से लिये गए कृषि ऋण को चुकाने की समस्या खड़ी हो गयी है। मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया कि किसानों के बैंक से लिये गए कृषि ऋण को माफ किया जाय साथ ही किसानों को उनकी फसल का उचित मुआवजा दिया जाय। किसान संगठन ने मांग की कि किसानों को मनरेगा के तहत किसानों को 100 दिन की मजदूरी जो कि पच्चीस हजार बनती है। किसानों के खातों में शीघ्र डाली जाए जिससे कि किसान अपनी जीविका चला सके। ज्ञापन में किसान संगठन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार,मोहबत नेगी,वीरेंद्र शर्मा,संजय भारती, त्रेपन रावत,मनमोहन शर्मा,शीशपाल सिंह, उपेंद्र सिंह आदि किसानों के हस्ताक्षर हैं।